
# RAMESHWARI DEVI GIRLS COLLEGE, BHARATPUR, RAJ.

## महिला अध्ययन प्रकोष्ठ 2021–2022

### निबन्ध प्रतियोगिता 31.01.2022



रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राज.)

सत्र 2021-22

महिला अध्ययन प्रकोष्ठ

निबन्ध प्रतियोगिता परिणाम

विषय: महिलाओं की राजनीति में भूमिका

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | पिता का नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कु. शिवानी गुप्ता | श्री सुरेन्द्र गुप्ता | B.A. Part I | प्रथम |
| 2. | कु. रुचि शर्मा | श्री विष्णु शर्मा | B.A. Part I | द्वितीय |
| 3. | कु. मनीषा | श्री निरोत्तम | B.A. Part I | तृतीय |

निशा गोयल
14.02.2022
डॉ. निशा गोयल
प्रभारी, महिला अध्ययन प्रकोष्ठ

निर्णायक मंडल:

1. डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, सह-आचार्य, समाज-शास्त्र
2. श्रीमती सुमन गोयल, सहायक आचार्य, इतिहास
3. डॉ. नटवर सिंह, सहायक आचार्य, प्राणिशास्त्र

दस दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर दिनांक 07.02.02022 से 18.02.2022 तक






MATHS
DEPARTMENT



# शिविर में छात्राओं को दिया आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण

**भरतपुर**. आरडी गर्ल्स कॉलेज में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के तहत 7 से 18 फरवरी तक दस दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आईं महादेवी फौजदार ने 50 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें सशक्त बनाना तथा आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न करना रहा। प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने अध्यक्षता करते हुए प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। समिति प्रभारी डॉ. निशा गोयल ने महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के उद्देश्य तथा शिविर की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण महादेवी फौजदार ने छात्राओं को अपर पंच, मिडिल पंच, लोअर पंच, हुक पंच, हाल्फ पंच, कनपटी पंच, टू फिंगर अटेक, खुले हाथ से ऊपर मिडिल, लोअर अटेक, अपर, मिडिल लोअर ब्लॉक, जोदान ब्लॉक, गेदान ब्लॉक व हेम्बर अटेक और ब्लॉक सिखाए। प्रतिभागी छात्राओं ने फीडबैक साझा किया। इस मौके पर डॉ. मधु अग्रवाल, डॉ. सरोज एवं डॉ. कृति शर्मा ने सहयोग दिया।

राजस्थान पत्रिका
भरतपुर, शुक्रवार, 11 फरवरी, 2022

तारण कार्यवाही ( स्वयं के स्तर पर - सभी - सभी ) Filt
e : 21-Feb-2022

# प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**भरतपुर.** प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास करती छात्राएं।

**भरतपुर.** आरडी गर्ल्स कॉलेज में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के तहत 10 दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में छात्राओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महादेवी फौजदार व मिथलेश फौजदार की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य आत्म सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं को सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। इससे छात्राएं अपना सर्वांगीण विकास कर सकें। शिविर में करीब 50 छात्राएं भाग ले रही है.इस दौरान उन्हें अपर, मिडिल और लोअर पंच सिखाए गए। प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन कर शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अकादमिक प्रभारी मधु शर्मा, समिति प्रभारी डॉ. निशा गोयल, डॉ. रमेश चन्द वर्मा, डॉ. कविता आचार्य, डॉ. अल्का गोयल, डॉ. मधु अग्रवाल, डॉ. सरोज, मानसिंह मीना, सुमन गोयल और दीप्ति मौजूद रहे।

सूचना

सूचना

अभी वह पोर्टल बंद है
से आप कॉलेज के ही

epaper.rashtradoot.com/sea

लिए शुक्रवार को निर्मल महाविद्यालय के खिलाडियों का दल रवाना हुआ ।

निर्मल महाविद्यालय के खेल अधिकारी शैलेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोटा विश्वविद्यालय कोटा की ओर से किशनगंज बारा में 19 फरवरी से अंतर महाविद्यालय होने के लिए शुक्रवार को निर्मल महाविद्यालय के खिलाडि़यों का दल रवाना हो गया है। इस दौरान जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष गोपाल बेनीवाल, सचिव विजय शर्मा, संयुक्त सचिव बबली सोलंकी, निर्मल महाविद्यालय के निदेशक मनीष

# दस दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



भरतपुर राजकीय कन्या महाविद्यालय में दस दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ।

भरतपुर (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत 7. से 18.फरवरी तक दस दिवसीय आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आई ट्रेनर महादेवी फौजदार ने 50 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर का उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उन्हें सशक्त बनाना तथा आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न करना है। प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये एवं भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया।

समिति प्रभारी डॉ. निशा गोयल ने महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के उद्देश्य तथा शिविर की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षक महादेवी फौजदार ने छात्राओं को अपर पंच, मिडिल पंच, लोअर पंच, हुक पंच, हाल्फ, पंच, कनपटी पंच, टू फिंगर अटैक, खुले हाथ से अपर मिडिल, लोअर अटैक, अपर, मिडिल लोअर ब्लॉक, जोदान ब्लॉक, गेदान ब्लॉक व हेम्बर अटैक और ब्लॉक सिखाये। प्रतिभागी छात्राओं ने अपना फीडबैक साझा किया।

# आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन

SVM
MSO

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08.03.2022







इण्डियन रेडक्रास सोसायटी
विश्व महिला दिवस
किट वितरण कार्यक्रम
भरतपुर
रामेश्वरी देवी राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
भरतपुर (राज.)
महिला अध्ययन प्रकोष्ठ
रामेश्वरी देवी कन्या
राष्ट्रीय सेवा योजना


रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
भरतपुर (राज.)
महिला अध्ययन प्रकोष्ठ


Internal Quality Assurance Cell
RAMESHWARI DEVI GIRLS COLLEGE
BHARATPUR (Raj.)
NAAC Accreditation B
भरतपुर (राज.)
रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना


ternal Quality Assurance Cell
रामेश्वरी देवी राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
भरतपुर (राज.)
महिला अध्ययन प्रकोष्ठ
रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर






...सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक एसडीएमसी के सदस्य वीरेंद्र जैन, वार्ड नंबर 13 के पार्षद सदस्य तेजवीर सिंह, स्काउट मंडल के ... गए। मुख्य अतिथि व्यवसायी व समाजसेवी प्रमुख पाराशर तथा विशिष्ट अतिथि नवीन देवेंद्र चामड़ थे। संस्था प्रधान लखन ... ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भामाशाहों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान हेमचन्द गोयल ने सभी से इसी प्रकार सहयोग ...

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस.. समाज के विकास में महिलाओं के योगदान को किया याद, प्रतिभाओं का सम्मान भी किया

# महिला सशक्तिकरण तभी सार्थक जब हर परिवार में महिलाओं को निर्णय में भागीदारी मिलेगी: एडीएम बीना

भास्कर संवाददाता|भरतपुर

जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यू.आई.टी. ऑडिटोरियम में जिला कलक्टर आलोक रंजन के मुख्य आतिथ्य में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी श्याम सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजय गोदारा व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार थे। कार्यक्रम में समेकित बाल विकास सेवाओं के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 30 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों को माता यशोधा पुरस्कार दिया गया। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सोशल वेलफेयर एवं रिसर्च ग्रुप भरतपुर के प्रतिनिधि बलवीर सिंह को वर्ष 2022 का इन्द्रा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना अन्तर्गत सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को भी इस मौके पर सम्मानित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की उप निदेशक अमित गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महिला दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हैल्प डेस्क लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के पैम्फलेट्स भी वितरित किए गए।

श्री ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा अध्यक्ष रंजना तिवारी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन बीना महावर, विशिष्ट अतिथि डब्ल्यूएचओ एसएमओ रिचा वांझल थीं। संरक्षक डॉ कुसुम शर्मा, कुसुम शर्मा, महामंत्री अनुराधा शर्मा, शहर अध्यक्ष सीमा कटारा ने अतिथियों का स्वागत किया। गया। मुख्य अतिथि बीना महावर ने कहा की महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य तभी हासिल होगा जब हर परिवार में समाज में हम महिलाओं को निर्णय में भागीदारी देंगे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण का आधार आर्थिक स्वावलंबन को बताते हुए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने की अपील की विशिष्ट अतिथि रिचा मांजल ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा की महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। रंजना तिवारी ने इस अवसर अपनी कविता के माध्यम से नारी को अबला ना समझने की सीख दी। उन्होंने कहा इस शिक्षा से ही नारी समाज में परिवार में राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकती है इस अवसर पर संरक्षक डॉ कुसुम शर्मा ने महिला सशक्तिकरण को किसी एक दिवस तक सीमित ना रखने अपील करते हुए कहा कि हमें हर पल आधी आबादी के स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार का ध्यान रखना होगा। श्री ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष डॉ लोकेश शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से महिला की समाज परिवार धर्म सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की कार्यक्रम में पारुल अग्रवाल ऋतु जैन कंचन कटारा उर्मिला पाराशर दीपशिखा शर्मा गरिमा शर्मा प्रीति जैन लक्षिता शर्मा कुमकुम शर्मा ने अपनी कविताओं विचारों से महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को हासिल करने की अपील की इस मौके पर डॉक्टर वैशाली अनुराधा शर्मा ने एक कविता बेटियों का भाग्य माता क्या तुमने बनाया है की प्रतीति दी आरडी गर्ल्स कॉलेज में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. देवर्षि की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. देवर्षि ने कहा कि हमें अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों का विरोध करना चाहिए, साथ ही भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को दूर करना चाहिए। मुख्य अतिथि रघुनाथ खटीक ने कहा कि महिला दिवस का आयोजन तभी सार्थक है जब महिलाएं सभी क्षेत्रों में अग्रणी रहें। मुख्य वक्ता स्काउट गाइड की रेंजर लीडर डॉ. शशि प्रभा ने "महिला स्वतंत्रता समाज के लिए उपयोगी" विषय पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

भरतपुर. कार्यक्रम के दौरान मौजूद एडीएम एवं अन्य।

भरतपुर. उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करते कलेक्टर।

## सुसराल से पहली बार आई बेटी एश्वर्य का किया स्वागत

संत कृपाल शिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य राजुल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि नीलिमा तक्षक वर्चुअल रूप से उपस्थित रहीं। संचालन सोनिला गौड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसी निखिल खंडेलवाल ने की। बेटियों का राज फाउंडेशन ने शहर के गोपालगढ़ में स्थित अंतरिक्ष एकेडमी में 11वी व 12 वी की छात्राओं को शील्ड देकर व दुपट्टा पहना कर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि एसआई श्रद्धा पचौरी विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, मदनमोहन शर्मा रहे। अध्यक्षता संस्था के संस्थापक हिमांशु गुप्ता ने की।

epaper.rashtradoot.com/sea

# 'महिलायें सभी क्षेत्रों में अग्रणी रहें'

भरतपुर (निसं)। रामेष्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राश्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अध्ययन प्रकोष्ठ, एनएसएस तथा स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर षहर रघुनाथ खटीक के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को किया गया।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर ने अपने प्रेरक और ओजस्वी सम्बोधन में बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन तभी सार्थक है, जबकि महिलायें सभी क्षेत्रों में अग्रणी रहें।

प्राचार्य डॉ. देवर्शि ने छात्राओं को अधिकारों और कानूनों के प्रति सजग रहने के लिये जागरुक करते हुए कहा कि महिलाऐं समाज में जागरूक होंगी महिला अपराध उतने ही कम होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों का विरोध करना चाहिये। इस अवसर पर आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ. शिल्पी दीप माथुर, डॉ कमलेश, डॉ रजनी वषिष्ठ, डॉ करूणा गौर, जगदीष कुमार, डॉ. कृति शर्मा, ललिता बैरवा व समस्त समिति सदस्य एवं समस्त षैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।